झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 के आयोजन के संबंध में आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या - 69/2023

विज्ञप्ति संख्या- 62/2023 के क्रम में एतद् द्वारा वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होनेवाले छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों, संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधानाध्यापकों/प्राचार्यों, संबंधित पदाधिकारियों एवं सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पत्रांक 3184 दिनांक 29.11.2023 के माध्यम से वर्ष 2024 के वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के स्वरूप में परिवर्तन किया गया है, जो निम्नवत् हैः-

- **वर्ष 2024 की माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएँ एक ही टर्म में आयोजित की जाएगी।**
- **वर्ष 2024 की माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रकृति के 30% अंकों के प्रश्न, लघु-उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय, आदि प्रकृति के 50% अंकों के प्रश्न तथा शेष 20% अंक आन्तरिक मूल्यांकन के लिए निर्धारित किया गया है।**
- **बहुविकल्पीय प्रश्नों में चार विकल्प (A, B, C & D) सही उत्तर के चयन हेतु दिए जायेंगे। इनमें से सही विकल्प के साथ-साथ उसमें अंकित उत्तर को भी उत्तरपुस्तिका में लिखना आवश्यक होगा। यथा-**

  प्रश्न संख्या - 1. (A) ABC (B) MNO (C) PQR (D) TUV

  यदि प्रश्न संख्या - 1. का उत्तर (C) सही होगा, तो परीक्षार्थी को उत्तरपुस्तिका पर प्रश्न संख्या- 1.- (C) PQR के रूप में उत्तर लिखना आवश्यक होगा।

परिक्षा स्वरूप में किए गए उक्त परिवर्तन के आलोक में परिषद् द्वारा निर्णय लिया गया है कि वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 एक टर्म में अर्थात् **माध्यमिक परीक्षा का संचालन प्रश्न-सह-उत्तरपुस्तिका के माध्यम से तथा इंटरमीडिएट परीक्षा का संचालन 24 पृष्ठों की सादी उत्तरपुस्तिका के माध्यम से** आयोजित की जाएगी। पूर्व निर्धारित ओ.एम.आर. शीट के माध्यम से निर्धारित परीक्षा आयोजन की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है।

परीक्षार्थी बहुविकल्पीय प्रकृति (MCQ), लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय, आदि प्रकृति के प्रश्नों के उत्तर परिषद् द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रश्न-सह-उत्तरपुस्तिका (माध्यमिक परीक्षा के लिए) एवं सादी उत्तरपुस्तिका (इंटर परीक्षा के लिए) पर ही अंकित करेंगे, अर्थात परिषद् द्वारा प्रश्न-सह-उत्तरपुस्तिका/सादी उत्तरपुस्तिका ही उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें प्रश्नों का उत्तर अंकित करना अनिवार्य होगा।

परीक्षा आयोजन के कार्यक्रम एवं तिथि में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है, केवल परीक्षा आयोजन के समय-सारिणी में निम्नवत् रूप से परिवर्तन किया जाता है :-

पूर्व निर्धारित समय-सारिणी

माध्यमिक / Secondary		इंटरमीडिएट / Intermediate	
1st Sitting 9.45 A.M. - 1.05 P.M.		2nd Sitting 2.00 P.M. - 5.20 P.M.	
O.M.R. Sheet 9.45 A.M. to 11.20 A.M.	Question-Answer Booklet 11.25 A.M. to 1.05 P.M.	O. M. R. Sheet 2.00 P.M. to 3.35 P.M.	Answer Book 3.40 P.M. to 5.20 P.M.

परिवर्तित समय-सारिणी

माध्यमिक / Secondary	इंटरमीडिएट / Intermediate
1st Sitting 9.45 A.M. - 1.00 P.M.	2nd Sitting 2.00 P.M. - 5.15 P.M.
Question-Answer Booklet 09.45 A.M. to 1.00 P.M.	Answer Book 2.00 P.M. to 5.15 P.M.

- विज्ञप्ति संख्या- 62/2023 की शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

अध्यक्ष के आदेश से,
ह./- सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

JAC/ गो. 3895/23-SECY-1026/23 दिनांकः 16/12/2023
D.O.P. 17.12.2023